देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 28 जून 2021। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कोरोना महामारी के कारण असमय निधन पर 2 मिनिट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बैठक में माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (CET) 2021–22 के बजट को स्वीकृत किया तथा प्रवेश परीक्षा ऑनलाईन मोड में राष्ट्रीय स्तर की संस्था ''नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी'' (एनटीए) से कराये जाने को मान्यता प्रदान की।

विश्वविद्यालय परीक्षा से संबंधित सॉफ्टवेयर क्रय करने एवं उसके रख–रखाव हेतु अनुबंध किये जाने हेतु निविदायें आमंत्रित करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय में उपयोग हेतु किराये के वाहनों से संबंधित अनुबंध एवं उनकी प्रस्तावित दरों के प्रस्ताव को भी सहमति प्रदान की गई। राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत शासकीय अंशदान की राशि और मंहगाई भत्ता को 14 प्रतिशत किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

सत्र 2021–22 की मुख्य, पूरक एवं सेमेस्टर परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रकरणों के निवारण के लिए निर्णायक समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. रत्नेश गुप्ता एवं सदस्य डॉ. सुधा सिलावट एवं डॉ. अशेष तिवारी, परीक्षा नियंत्रक होंगे।

कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, निदेशक, ईएमआरसी, को प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज का कुलपति नियुक्त होने पर बधाई के साथ उनकी प्रतिनियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की गई, साथ ही डॉ. जयंत

सोनवलकर, प्रो. आई.एम.एस. के धारणाधिकार अवधि में वृद्धि को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

आई.ई.टी. द्वारा MSME (Micro, Small & Medium Enterprise) के साथ किये गये अनुबंध का 2 वर्षो के लिए नवीनीकरण किया गया। विश्वविद्यालय परिसरों की साफ–सफाई हेतु प्राप्त निविदाओं के संबंध में भी चर्चा पश्चात सहमति प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों/अध्ययनशालाओं के पाठ्यक्रम में सत्र 2021–22 के लिए, कोविड महामारी को ध्यान में रखते हुए शुल्क में किसी तरह की वृद्धि नही की गई। एन.आर.आई. कोटे में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों की फीस में वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की। परीक्षा एवं बजट संबंधी विशिष्ट कार्यो को सम्पादित करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विशेष श्रमसाध्य भत्ते में वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव को माननीय कार्यपरिषद् ने सहमति प्रदान की।

कैरियर एडवांसमेंन्ट योजना के अंतर्गत शिक्षा अध्ययनशाला के शिक्षकों को स्टेज 2 से स्टेज 3 में पदोन्नती किये जाने की अनुशंसा को माननीय कार्यपरिषद् ने मान्य किया। कार्यपरिषद् ने कोविड–19 संक्रमण के कारण जिन विद्यार्थियों के माता/पिता का निधन हो गया है, उनका शुल्क माफ करने संबंधी प्रस्ताव को भी सहमति प्रदान की। बैठक के दौरान माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों ने विश्वविद्यालय के विकास से संबंधित कई सकारात्मक सुझाव दिये जिन पर विस्तृत चर्चा के पश्चात सहमति प्रदान की गई।

बैठक के पश्चात माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों द्वारा तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड़ पर पौधा रोपण किया गया।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी